राधा नंबूदिरी

अकादेमी पुरस्कारः कर्नाटक गायन संगीत

RADHA NAMBOODIRI

Akademi Award: Carnatic Vocal

महाराष्ट्र के मुम्बई में 14 जनवरी 1946 को जन्मी, श्रीमती राधा नंबूदिरी ने गुरु टी. वी. राममूर्ति से कर्नाटक संगीत का प्रारम्भिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। उसके बाद आपने टी. बृंदा और टी. एम. त्यागराजन जैसे गुरुओं के संरक्षण में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया। भारत सरकार के संस्कृति विभाग से मिलने वाली छात्रवृत्ति के अन्तर्गत सेम्मनगुडी आर. श्रीनिवास अय्यर से मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य भी आपको प्राप्त हुआ है।

श्रीमती राधा नंबूदिरी देश के कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों से जुड़ी हुई हैं। आपने विभिन्न देशों में कर्नाटक संगीत पर कई संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन किया है। आपने आकाशवाणी और दूरदर्शन के साथ काम किया है। आप श्री शन्मुखानंद संगीत महाविद्यालय, मुंबई की निदेशक–प्राचार्य रही हैं। आपने बहुत से छात्रों को कर्नाटक संगीत की दीक्षा दी है।

संगीत पर आपके लेख, विभिन्न प्रतिष्ठित समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहे हैं। योगी टीवी ने मलयालम भाषा में आपका साक्षात्कार लिया था, जिसमें आपने कर्नाटक संगीत के साथ ही अपने जीवन और कार्य से जुड़ी बातें साझा की थीं।

कर्नाटक संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए, आपको देश–विदेश के कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों द्वारा उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें श्रीरंजनी संगीता सभा, मुंबई द्वारा दिया गया संगीत भूषण (2016)य संगीत अकादमी, चेन्नई द्वारा प्रदान किया गया संगीत कला आचार्य (2018)य और श्री शन्मुखानंद फाइन आर्ट्स एंड संगीत सभा, मुंबई द्वारा प्रदान किया गया भारत रत्न डॉ. एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी संगीत प्राचार्य (2018) प्रमुख हैं।

श्रीमती राधा नंबूदिरी को कर्नाटक गायन संगीत में योगदान के लिए वर्ष 2021 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 14 January 1946 at Mumbai, Maharashtra, Shrimati Radha Namboodiri received her initial training in Carnatic music from T.V. Ramamurthy and later received advanced training under the tutelage of T. Brinda and T.M. Tyagarajan. She has also been fortunate to receive guidance from Semmangudi R. Srinivasa Iyer under the Scholarship given by the Department of Culture, Government of India.

Shrimati Radha Namboodiri has been associated with many prestigious cultural institutions in the country, and has conducted many seminars and workshops on Carnatic music around the world. She has worked with All India Radio and Doordarshan. She has also worked with Sri Shanmukhananda Sangeetha Mahavidyalaya, Mumbai University as Director-Principal. She has trained many students.

She has published many articles on music in various esteemed newspapers and magazines in the country. The Yogi TV documented a comprehensive interview on her life, work and contribution in the field of Carnatic music in Malayalam.

For her contribution in the field of Carnatic vocal music, she has been honoured with many prestigious titles and awards from cultural institutions in India and overseas. These include the Sangeetha Bhooshana given by Sriranjani Sangeetha Sabha, Mumbai (2016); the Sangita Kala Acharya bestowed by the Music Academy, Chennai (2018); and the Bharat Ratna Dr M.S. Subbulakshmi Sangeetha Pracharya conferred by the Sri Shanmukhananda Fine Arts & Sangeetha Sabha, Mumbai (2018).

Shrimati Radha Namboodiri receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2021 for her contribution to Carnatic vocal music.